# सेमीकॉन इंडिया 2025: सेमीकंडक्टर पॉवरहाउस का निर्माण

## चर्चा में क्यों ?

- सेमीकॉन इंडिया-2025 प्रथम बार भारत वैश्विक मंडपों, देशव्यापी गोलमेज सम्मेलनों, कौशल पहलो और डिज़ाइन स्टार्टअप मंडप के साथ रिकॉर्ड हितधारक भागीदारी का साक्षी बनेगा।





## मुख्य बिंदु :

- सेमीकॉन इंडिया 2025 का आयोजन 2 से 4 सितंबर 2025 तक यशोभूमि (आईआईसीसी), नई दिल्ली में होगा, जिसमें 18 देशों की 300 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी।
- यह आयोजन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करना है। सेमीकॉन इंडिया 2025, नीति, उद्योग, शिक्षा और निवेश समुदायों में वैश्विक और घरेलू हितधारकों को एकजुट करने के लिए एक उच्च प्रभाव वाले मंच के रूप में कार्य करेगा।
- पहली बार जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और मलेशिया के पवेलियन प्रदर्शनी में शामिल होंगे, जो वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देंगे।

### भारत सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के बारे मे :

- यह मिशन 2021 में ₹76,000 करोड़ के वित्तीय प्रावधान के साथ शुरू हुआ था और इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के तहत एक स्वतंत्र व्यवसायिक प्रभाग के रूप में स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण की एक मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना।।




### सेमीकॉन इंडिया के बारे में

- सेमीकॉन इंडिया एक महत्वपूर्ण वैश्विक सेमीकंडक्टर प्रदर्शन है, जो सेमी द्वारा आयोजित किया जाता है। यह विश्व के आठ प्रमुख सेमीकंडक्टर प्रदर्शनों में से एक है, जिसमें सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण के प्रमुख विशेषज्ञ और अधिकारी एक मंच पर एकत्र होते हैं।

### सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्देश्य:

- वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना
- घरेलू नवाचार को प्रोत्साहित करना
- भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना
- यह भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भारत सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के बारे मे :

- यह मिशन 2021 में ₹76,000 करोड़ के वित्तीय प्रावधान के साथ शुरू हुआ था और इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के तहत एक स्वतंत्र व्यवसायिक प्रभाग के रूप में स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण की एक मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना।।

### सेमीकॉन इंडिया के बारे में

- सेमीकॉन इंडिया एक महत्वपूर्ण वैश्विक सेमीकंडक्टर प्रदर्शन है, जो सेमी द्वारा आयोजित किया जाता है। यह विश्व के आठ प्रमुख सेमीकंडक्टर प्रदर्शनों में से एक है, जिसमें सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण के प्रमुख विशेषज्ञ और अधिकारी एक मंच पर एकत्र होते हैं।

### सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्देश्य:

- वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना
- घरेलू नवाचार को प्रोत्साहित करना
- भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना
- यह भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सेमी के बारे में:

- सेमी एक वैश्विक उद्योग संघ है, जो सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन तथा निर्माण के क्षेत्र में 1.5 मिलियन पेशेवरों को जोड़ता है।
- यह उद्योग की चुनौतियों के लिए सदस्य-संचालित समाधान प्रदान करता है और प्रौद्योगिकी, मानक, और नवाचार को बढ़ावा देता है, जिससे स्मार्ट, तेज़ और सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन संभव होते हैं।